# PK UNIVERSITY




NEWS LETTER (Vol.-2, Issue-1)
(January – March 2025)

## About PK University

P.K. University has been established keeping in view the foregoing are growing emphasis on global competitiveness, the need to bridge the gap between theory and practice and the growing demand for highly skilled personnel in the frontier areas of Management, Engineering and Technology, medicine, Architecture, Information Technology and Computing, Paramedical and Pharmacy, Insurance, Bio-sciences, fashion, Law, Hospitality and Tourism and other fields of education, the Sonal Educational Society proposes to establish as University in Shivpuri (M.P) entitled P.K. University encompassing all the major disciplines the majority of the courses will be innovative, practice oriented, flexible, modular and ensure that the students acquire the necessary skills and knowledge for successful careers. The University will establish a close liaison with the productive sector, broaden the mental horizons of its student and provide a stimulating place through study, stay and learn. This will meet the growing needs of the students of not only Madhya Pradesh but also India and abroad too. Since all the courses to be offered by P.K. University are going to be innovative and highly practical oriented this will go a long way in fulfilling the aspiration of student and parents at Utter Pradesh and adjoining area.

# Jan-2025

## नव वर्ष-2025 के उपलक्ष्य में नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन




नव वर्ष-2025 के उपलक्ष्य में पी०के० विश्वविद्यालय के विश्वेश्वरैया सभागार कक्ष में नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे०के० मिश्रा जी, कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे जी, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव जी, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा जी, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ० जितेंद्र मलिक जी, परीक्षा नियंत्रक प्रो०(डॉ०) जी० पवन कुमार जी सहित समस्त फैकल्टी, प्रिंसिपल एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## पं० महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल के तत्वावधान में ग्राम कूंढ में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित








पी.के. विश्वविद्यालय के मा० कुलाधिपति श्री जे०पी० शर्मा जी के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पं० महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल के तत्वावधान में जनपद शिवपुरी के ग्राम कूंढ़ में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुशल एवं योग्य डॉक्टरों की एक टीम द्वारा लगभग 200 से ज्यादा मरीजों को निशुल्क चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया एवं मरीजों को निशुल्क दवाइयों के वितरण के साथ उचित दरों पर पैथोलॉजी जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव एवं डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा के साथ पं० महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ० शुभम शर्मा, डॉ० ऋषभ श्रीवास्तव, डॉ० बी०वी० पद्मजा, डॉ० आनंद कुमार, सुनील एवं विश्वविद्यालय के नर्सिंग संकाय से शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## कृषि संकाय के तत्वावधान में मशरूम के खेती को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ















दिनांक 09 जनवरी 2025 को पी० के० विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के तत्वावधान में मशरूम की खेती को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रशिक्षार्थियों को मशरूम की खेती की नवीनतम तकनीकों से अवगत कराना है। कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मशरूम कल्टीवेशन के मास्टर प्रशिक्षक प्रवीण वर्मा ने मशरूम के पोषकीय व औषधीय महत्व एवं गुणवत्ता के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक, कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

## AIRO जर्नल्स मुंबई द्वारा आयोजित दो दिवसीय सहयोगात्मक अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन सम्मेलन में पी० के० विश्वविद्यालय ने की सहभागिता




"Synergy 2025: A Multidisciplinary Forum for Collaborative Research and Innovation" विषय पर AIRO जर्नल्स मुंबई द्वारा आयोजित दो दिवसीय सहयोगात्मक अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन सम्मेलन में पी० के० विश्वविद्यालय द्वारा सक्रिय रूप से सहभागिता की गई। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम ने विभिन्न क्षेत्रों के शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों को एक मंच प्रदान किया, ताकि वे नवीनतम शोध और नवाचारों पर विचार-विमर्श कर सकें।

इस अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन सम्मेलन में मुख्य संरक्षक के रूप में पी.के. विश्वविद्यालय, शिवपुरी (म०प्र०) के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, संयोजक के रूप में इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मंगलायतन यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ के निदेशक प्रोफ़ेसर (डॉ.) किशन पाल सिंह, संरक्षक के रूप में पी. के. विश्वविद्यालय, शिवपुरी (म०प्र०) की डीन अकादमिक डॉ. ऐमान फातमा, पी.के. विश्वविद्यालय, शिवपुरी (म०प्र०) के डीन रिसर्च डॉ. भास्कर नल्ला, पी.के. विश्वविद्यालय, शिवपुरी (म०प्र०) के डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में समन्वयकों के रूप में डॉ० राजेश कुमार पाण्डेय (असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी विभाग, दयाल सिंह कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय), डॉ. अभिनव कथूरिया (सहायक प्रोफेसर, आर.एस.डी. कॉलेज, पंजाब विश्वविद्यालय, फिरोजपुर पंजाब), डॉ. एस.के. चटर्जी (निदेशक, आईसीपीएल कोलकाता), डॉ शांतनु कुमार (सहायक प्रोफेसर वाणिज्य विभाग व्यावसायिक अध्ययन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय), जयन्त मिस्त्री (सोव रानी डी.एड. कॉलेज, हबीबपुर मालदे) तथा आयोजक समिति में डॉ० नितिन भटनागर (प्रमुख एसवीएपीके, ग्वालियर), अनुष्का मिश्रा (परियोजना समन्वयक), उज्जवल कुमार (अनुसंधान समन्वयक, आईसीपीएल, कोलकाता), डॉ० प्रशांत शर्मा (रिसोर्स पर्सन, एचईएस2, माध्यमिक शिक्षा विभाग) हरयाणा, अमित कुमार (परियोजना समन्वयक, बीएसएल, मुंबई), कार्तिक मिश्रा (सदस्य, आयोजन समिति), नौनिहाल चव्हान (प्रमुख तकनीकी सहायता दल), श्रुति जैन (सदस्य, आयोजन समिति) उपस्थित रहे।

# ग्राम चिरली में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित




पी.के. विश्वविद्यालय के मा० कुलाधिपति श्री जे०पी० शर्मा जी के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पं० महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल के माध्यम से जनपद शिवपुरी के ग्राम चिरली में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुशल एवं योग्य डॉक्टरों की एक टीम द्वारा लगभग सैंकड़ों की संख्या में मरीजों को निशुल्क चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया एवं मरीजों को निशुल्क दवाइयों के वितरण के साथ उचित दरों पर पैथोलॉजी जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलगुरु प्रो०(डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव एवं डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा के साथ पं० महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ० शुभम शर्मा, डॉ० ऋषभ श्रीवास्तव, डॉ० सौरभ द्विवेदी, डॉ० आनंद कुमार, सुनील एवं विश्वविद्यालय के नर्सिंग संकाय से शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# कृषि संकाय के तत्वावधान में मशरूम के खेती को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न










पी० के० विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के तत्वावधान में दिनांक 9 जनवरी 2025 से प्रारम्भ मशरूम की खेती को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हुआ। कार्यशाला में प्रशिक्षार्थियों को मशरूम की खेती की नवीनतम तकनीकों से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर मशरूम कल्टीवेशन के मास्टर प्रशिक्षक प्रवीण वर्मा, पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलपति प्रो०(डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक, कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ० प्रभाकर सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

## कला संकाय द्वारा विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट के उद्देश्य से पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन कराया गया












पी०के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित ए०पी०जे० अब्दुल कलाम कांफ्रेंस हॉल में कला संकाय द्वारा विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट के उद्देश्य से पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन कराया गया। जिसके अंतर्गत एम.ए. में अध्ययनरत प्रीति यादव,आयुष यादव, नीलू यादव, एम्ब्रोसेम, काजल इत्यादि छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न विषयों पर तैयार किये गये पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किये गए।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलगुरु प्रो०(डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक, कला संकाय की डीन प्रो० (डॉ०) महालक्ष्मी जौहरी सहित विभागीय शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# सीएसआर बॉक्स फाउंडेशन, आईबीएम स्किल्सबिल्ड और पी.के. विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कौशल विकास और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए एक निःशुल्क सेमिनार आयोजित











दिनांक 23 जनवरी 2024 को, सीएसआर बॉक्स फाउंडेशन, आईबीएम स्किल्सबिल्ड और पी.के. विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित विश्वेश्वरय्या सभागार कक्ष में कौशल विकास और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए एक निःशुल्क सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार का उद्देश्य विभिन्न शैक्षणिक हस्तक्षेपों और डिजिटल रूप से खुले शिक्षण मंच के माध्यम से उद्योग-संबंधित तकनीकी कौशल, व्यावसायिक कौशल और नौकरी के लिए तत्परता कौशल प्रदान करके विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसरों के बारे में जागरूकता पैदा करना था।

इस अवसर पर मीनाक्षी कुमारी (आईबीएम स्किल्सबिल्ड से सीनियर एंगेजमेंट एसोसिएट – सीएसआर और कौशल), पी०के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक, डीन ऑफ रिसर्च डॉ० भा स्कर नल्ला सहित प्रबन्धन संकाय से डॉ० विष्णु वर्मा, शिक्षक/शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पी० के० विश्वविद्यालय में मनाया गया 15वां "राष्ट्रीय मतदाता दिवस"









दिनांक 25 जनवरी 2025 को, पी० के० विश्वविद्यालय के विधि संकाय के तत्वावधान में 15वां "राष्ट्रीय मतदाता दिवस" पूर्ण उत्साह के साथ से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती जी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को मतदाता के महत्व के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जितेन्द्र कुमार मिश्र, कुलगुरु प्रो. (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातिमा, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक, विधि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ० ह्रदयवीर सहित समस्त विभागाध्यक्ष, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पी० के० विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस


















पी० के० विश्वविद्यालय परिसर में, 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण के साथ की गई। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित सभी जनों द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया एवं सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों, विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ और विद्यार्थियों द्वारा द्वारा संवैधानिक नियमों को पालन करने की शपथ ली गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद विश्वविद्यालय के विधि संकाय की छात्रा दीक्षा राजा द्वारा सरस्वती वन्दना पर सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुत दी गई। साथ ही, मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग एवं उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार, विश्वविद्यालय द्वारा विश्वेश्वरैया सभागार में छात्र-छात्राओं के समक्ष संविधान पर निर्मित एक विशेष लघु फिल्म का प्रदर्शन भी कराया गया।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलगुरु प्रो०(डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक, प्रो० (डॉ०) महालक्ष्मी जौहरी, शीतला, मरियम शैफाली, लवली, विशाखा, ऐश्वर्या, साधना, सुदामा आदि सहित समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पी०के० विश्वविद्यालय के मा० कुलगुरु महोदय प्रो०(डॉ) योगेश चंद्र दुबे जी की मध्य प्रदेश शासन के आदिम जाति कल्याण मंत्रालय में विधिक सलाहकार श्री विक्रांत जी के साथ अनौपचारिक भेंट






दिनाँक 3 फरवरी 2025 को, सर्किट हाउस (शिवपुरी) में पी०के० विश्वविद्यालय के मा० कुलगुरु महोदय प्रो०(डॉ) योगेश चंद्र दुबे जी द्वारा मध्य प्रदेश शासन के आदिम जाति कल्याण मंत्रालय में विधिक सलाहकार श्री विक्रांत जी के साथ अनौपचारिक भेंट की गई।

इस दौरान मा० कुलगुरु महोदय जी द्वारा राजभवन (मध्य प्रदेश) के आदिम जाति कल्याण विभाग में विधिक सलाहकार श्री विक्रांत जी के साथ कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा भी की गई। साथ ही, मा० कुलगुरु महोदय जी ने श्री विक्रांत जी को विश्वविद्यालय का वार्षिक कैलेंडर एवं डायरी, बैग उपहार स्वरूप भेंट किया।

इस अवसर पर शिवपुरी जनपद के प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नर्सिंग संकाय द्वारा विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर कैंसर जैसे गंभीर रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को पीपीटी प्रेजेंटेशन कराया गया







दिनांक 4 फरवरी 2023 को पी०के० विश्वविद्यालय के नर्सिंग संकाय द्वारा विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर कैंसर जैसे गंभीर रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को पीपीटी प्रेजेंटेशन कराया गया।

प्रेजेंटेशन में कैंसर के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से बताया गया। विद्यार्थियों को कैंसर के विभिन्न प्रकारों के बारे में भी जानकारी दी गई।

इस दौरान नर्सिग संकाय की छात्रा रीना यादव, शैली गुप्ता, शालू गुप्ता, रिंकी कुशवाह और अंजुम शाह ने कैंसर व इसकी रोकथाम, शीघ्र पहचान और उपचार हेतु पीपीटी पर प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर नर्सिंग संकाय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को कैंसर से बचाव के लिए विभिन्न उपायों के बारे में भी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को मादक पदार्थ तम्बाकू, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी गई।

इस अवसर पर नर्सिंग संकाय की प्राधानाचार्या डॉ० नीता सिंह एवं समस्त नर्सिंग स्टाफ सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पी० के० विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के विद्यार्थियों को कृषि ग्रामीण कार्य अनुभव (RAWE/AIA) के अंतर्गत पराग दुग्ध संघ में इंडस्ट्री एवं कृषि विज्ञान केंद्र, भरारी में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया










दिनांक 6 फरवरी 2023 को पी० के० विश्वविद्यालय, शिवपुरी (म०प्र०) के कृषि संकाय के विद्यार्थियों को कृषि ग्रामीण कार्य अनुभव (RAWE/AIA) के अंतर्गत पराग दुग्ध संघ, झाँसी एवं कृषि विज्ञान केंद्र, भरारी, झाँसी में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस शैक्ष णिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में औद्योगिक एवं अनुसंधानिक गतिविधियों से अवगत कराना था। इस भ्रमण से विद्यार्थियों को कृषि उत्पादन एवं प्रसंस्करण की आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी मिली। छात्रों ने कृषि विज्ञान केंद्र में विभिन्न कृषि गतिविधियों का अवलोकन करके कृषि क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास के महत्व को समझा।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन ऑफ अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक, कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष सहित कृषि संकाय के समस्त शैक्षिणक स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन के संबंध में प्रथम चरण के अंतर्गत संकायवार एक एक ब्रीफिंग सत्र स्नातक के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए आयोजित











शासन के निर्देशानुसार, दिनांक 8 फरवरी 2025 को, पी० के० विश्वविद्यालय में विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन के संबंध में प्रथम चरण के कार्यक्रम के अंतर्गत संकायवार एक ब्रीफिंग सत्र स्नातक के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया। जिसमें विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन के संबंध में जारी पी.पी.टी./वीडियो का प्रदर्शन छात्रों एवं शिक्षकों को प्रस्तुतिकरण कर दिखाया । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य के युवाओं को सशक्त बनाना है। उन्हें शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसर प्रदान करना है, ताकि वे अपने जीवन को बेहतर बना सकें और प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे सकें।
कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जे० पी० शर्मा, प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलगुरु प्रो०(डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक, विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ० आशीष विश्वकर्मा, वाणिज्य संकाय से कौशल नरेश अमर सहित विश्वविद्यालय के समस्त स्नातक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित









आज दिनांक 28 फरवरी, 2025 को, पी० के० विश्वविद्यालय शिवपुरी (म०प्र०) ए०पी०जे० अब्दुल कलाम सभागार में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष का विषय, "विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना" है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में विज्ञान संकाय द्वारा विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया तथा विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ० आशीष विश्वकर्मा, डॉ० मनीष, सहायक अध्यापिका आयुषी, समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# March - 2025

## पी.के. विश्वविद्यालय में "फार्मा अन्वेषण 2025" का आयोजन










पी.के. विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा दिनांक 6 मार्च 2025 को विश्वविद्यालय के डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम कांफ्रेंस हॉल में "फार्मा अन्वेषण 2025" आयोजित किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस के अवसर पर किया गया, जो भारतीय फार्मेसी के जनक स्वर्गीय प्रोफेसर महादेव लाल श्रॉफ की 123वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाया गया। "फार्मा अन्वेषण 2025" का उद्देश्य फार्मेसी के क्षेत्र में नवीनतम विकास और नवाचारों को प्रदर्शित करना है। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ शामिल रहीं, जिनमें व्याख्यान, पोस्टर प्रस्तुतियाँ और इंटरैक्टिव सत्र शामिल रहे।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जे०पी० शर्मा जी, प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा जी, कुलगुरु प्रो०(डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे जी, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव जी, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा जी, डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक जी, फार्मेसी संकाय के प्रिंसिपल डॉ० विवेक गुप्ता सहित पी० के० विश्वविद्यालय का समस्त शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पी.के. विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस











दिनांक 8 मार्च 2025 को, पी० के० विश्वविद्यालय, थनरा, शिवपुरी (म०प्र०) के विश्वेश्वरैया ऑडिटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि यह सम्पूर्ण कार्यक्रम विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा ही आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंचासीन अतिथियों के स्वागत के बाद, अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती जी का पूजन कर किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रमों के क्रम में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, एकल नृत्य, खेल आदि का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पी० के० विश्वविद्यालय के कला संकाय की छात्रा राधा ने किया एवं अंत में, छात्र अधिष्ठाता प्रो० (डॉ०) महालक्ष्मी जौहरी ने उपस्थित सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक तथा विश्वविद्यालय के समस्त संकायों के विभागाध्यक्षों, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

## पी.के. विश्वविद्यालय में BRAINSTORMING "कर्म योगी बनें" विषय पर एक दिवसीय विचार मंथन कार्यशाला आयोजित










दिनांक 10 मार्च 2025 को, मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार, पी.के. विश्वविद्यालय के विश्वेश्वरयैया ऑडीटोरियम में "कर्म योगी बनें" विषय पर विचार मंथन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पी० के० विश्वविद्यालय से 40 संकाय सदस्यों और 80 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला में उपस्थित संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं को कर्म योग के सिद्धांतों और प्रथाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में श्री श्याम बिहारी गुप्त (अध्यक्ष, गौसेवा आयोग, उत्तर प्रदेश सरकार एवं सदस्य, प्राकृतिक कृषि बोर्ड, उत्तर प्रदेश सरकार) उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पी०के० विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) महालक्ष्मी जौहरी सहित समस्त शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## "विधिक और अन्य कैरियर परामर्श एवं व्यक्तित्व विकास" पर एक दिवसीय शिविर आयोजित













दिनांक 20 मार्च 2025 को, पी.के. विश्वविद्यालय, शिवपुरी के विधि संकाय और तहसील विधिक सेवा समिति, करेरा न्यायालय, शिवपुरी ने संयुक्त रूप से विश्वविद्यालय के विश्वेश्वरैया ऑडीटोरियम में "विधिक और अन्य कैरियर परामर्श और व्यक्तित्व विकास शिविर" का आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य युवाओं को कानूनी और अन्य कैरियर विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करना और उनके व्यक्तित्व विकास में सहायता करना है। शिविर में विद्यार्थियों को विभिन्न कैरियर विकल्पों, व्यक्तित्व विकास, व्यक्तित्व विकास, कानूनी जागरूकता, कैरियर परामर्श आदि के के बारे में जानकारी दी।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में श्री राजेंद्र देवरा, (मा० जिला न्यायाधीश, करेरा न्यायालय, शिवपुरी), पी० के० विश्वविद्यालय से कुलाधिपति श्री जे०पी० शर्मा, प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक सहित विधि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ० हृदयवीर एवं समस्त शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पी० के० विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पं. महावीर प्रसाद मेमोरियल हॉस्पिटल पर निःशुल्क दो दिवसीय चिकित्सा शिविर आयोजित










चिकित्सा क्षेत्र में जटिल से जटिल रोगों का आधुनिक पद्धति से निदान के लिए प्रसिद्ध पी० के० विश्वविद्यालय के परिसर में संचालित पं. महावीर प्रसाद मेमोरियल हॉस्पिटल, ग्राम थनरा, शिवपुरी (म.प्र.) द्वारा दिनांक 21 मार्च 2025 (शुक्रवार) को प्रारम्भ निःशुल्क चिकित्सा शिविर दिनांक 22 मार्च 2025 (शनिवार) को संपन्न हुआ।

निशुल्क चिकित्सा शिविर में 800 से ज्यादा मरीजों की बी.पी., शुगर, लीवर, किडनी, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल आदि की जांच करते हुए, उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में पं० महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल के कुशल एवं योग्य डॉक्टरों की एक टीम सहित जनरल, फिजिशियन, सर्जन, बाल रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं अन्य डॉक्टरों ने सेवाएं दी। शिविर में भाग लेने वाले लोगों ने पी० के० विश्वविद्यालय परिसर और पं. महावीर प्रसाद मेमोरियल हॉस्पिटल के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर पी०के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक एवं पं० महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ० शुभम शर्मा, डॉ० आनंद कुमार, डॉ सौरभ द्विवेदी, देवेन्द्र राजपाल एवं विश्वविद्यालय के नर्सिंग संकाय से प्रधानाचार्या तथा शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# Media Coverage

## Jan – 2025

### 5 Jan 2025 - 200 से अधिक मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ व दवाएं

पत्रिका

ग्राम पंचायत कूंढ में एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर लगा

**200 से अधिक मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ व दवाएं**



शिविर में दवाइयों का वितरण करते डॉक्टर।

**शिवपुरी.** पीके विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पंडित महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल के तत्वावधान में ग्राम पंचायत कूंढ में शनिवार को एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर लगाया गया। शिविर का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना था। नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में 200 से अधिक मरीजों की जांच कर उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श के साथ-साथ वर्तमान समय में बढ़ती बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए। साथ ही उन्हें नि:शुल्क दवाइयों का वितरण एवं उचित दरों पर पैथोलॉजी जांच की सुविधा उपलब्ध कराई।

शिविर में पं. महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल के कुशल एवं योग्य डॉक्टरों की एक टीम सहित जनरल, फिजिशियन, डायबिटीज, थायराइड तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं अन्य डॉक्टरों द्वारा मरीजों की बीपी, शुगर, लीवर, किडनी, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल आदि बीमारियों की जांच करते हुए उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।

कार्यक्रम में पीके विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निर्देशक डॉ जेके मिश्रा ने बताया कि ग्रामीणक्षेत्रों में में बीमारियों के प्रति लोगों में जागरूकता न हो से सही समय पर जांच व उपचार नहीं होने से जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन करना एक बेहतर कदम है। पं महावीर प्रसाद मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा इस प्रकार के मुफ्त जांच शिविरों का आयोजन जारी रहेगा। इस अवसर पर पं महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल से डॉ आनंद कुमार, डॉ सौरभ द्विवेदी, सुनील एवं विश्वविद्यालय के नर्सिंग संकाय से शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

05/01/2025 | Shivpuri | Page : 14
Source : https://epaper.patrika.com/

### 10 Jan 2025 - मशरूम की खेती को लेकर प्रशिक्षण कार्यशाला प्रारम्भ

स्वदेश | ग्वालियर - मुख्य संस्करण | 10 Jan 2025

**एनीमिया पीड़ितों के लिए मशरूम लाजवाब औषधि : डॉ. मिश्रा**

स्वदेश समाचार ■ शिवपुरी



पीके विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के में मशरूम की खेती को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य किसानों, छात्रों और उद्यमियों को मशरूम की खेती की नवीनतम तकनीकों से अवगत कराना है। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ. जेके मिश्रा, कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ. जितेन्द्र मलिक ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मशरूम कल्टीवेशन के मास्टर प्रशिक्षक प्रवीण वर्मा ने मशरूम के पोषक व औषधीय महत्व एवं गुणवत्ता के बारे में विस्तार से बताया। श्री मिश्रा ने बताया कि मशरूम विटामिन और मुख्य पोषक तत्वों से भरपूर होता है। साथ ही यह कुपोषण और खून की कमी दूर करने के लिए भी कारगर है। कृषि विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. प्रभाकर ने बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यशाला में के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को मशरूम की विभिन्न प्रजातियों की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

पत्रिका

**प्रशिक्षण में बताईं मशरूम की खेती की नई तकनीक**



**शिवपुरी.** पीके विश्वविद्यालय के कृषि संकाय में मशरूम के खेती को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। इसका उद्देश्य किसानों, छात्रों और उद्यमियों को मशरूम की खेती की नई तकनीकों से अवगत कराना है। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मशरूम कल्टीवेशन के मास्टर प्रशिक्षक प्रवीण वर्मा ने मशरूम के पोषकीय व औषधीय महत्व एवं गुणवत्ता के बारे में विस्तार से बताया।

विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निर्देशक डॉ जेके मिश्रा ने बताया कि मशरूम विटामिन और मुख्य पोषक तत्वों से भरपूर होता है। यह कुपोषण और खून की कमी दूर करने के लिए कारगर है। आधुनिक तरीके से कृषि कार्य करने से ना सिर्फ मशरूम का उत्पादन अधिक होता है बल्कि गुणवत्ता भी बरकरार रहती है। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षार्थियों को मशरूम उत्पादन को लेकर कई अहम जानकारियां मिलेंगी। कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रभाकर ने बताया इस तीन दिवसीय कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को मशरूम की कई प्रजातियों की खेती के बारे में जानकारी दी गई, मशरूम की खेती के लिए उपयुक्त वातावरण और मिट्टी की तैयारी के बारे में जानकारी व बीज तैयार करने, बुवाई और देखभाल करने की जानकारी, मशरूम की फसल को रोगों और कीटों से बचाने की जानकारी, मशरूम के उत्पादन और विपणन के बारे में जानकारी, मशरूम की खेती के आर्थिक लाभ, मशरूम की खेती के लिए आवश्यक उपकरण और सामग्री, मशरूम की खेती में नई तकनीकों का उपयोग, मशरूम की खेती से जुड़ी चुनौतियां और उनके समाधान के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

10/01/2025 | Shivpuri | Page : 12
Source : https://epaper.patrika.com/

**प्रशिक्षण** • पीके विश्वविद्यालय में मशरूम खेती को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

**कुपोषण, एनीमिया दूर करता है मशरूम: डॉ. मिश्रा**

भास्कर संवाददाता | शिवपुरी

पीके विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के तत्वावधान में गुरुवार को मशरूम खेती को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला, प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य किसानों, छात्रों और उद्यमियों को मशरूम की खेती की नवीनतम तकनीकों से अवगत कराना है। तीन दिवसीय कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ. जेके मिश्रा, कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा, डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ. जितेन्द्र मलिक ने किया।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मशरूम कल्टीवेशन के मास्टर प्रशिक्षक प्रवीण वर्मा ने मशरूम के पोषकीय व औषधीय महत्व एवं गुणवत्ता के बारे में विस्तार से बताया। पीके विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ. जेके मिश्रा ने बताया कि मशरूम विटामिन और मुख्य पोषक तत्वों से भरपूर होता है। साथ ही यह कुपोषण और खून की कमी दूर करने के लिए भी कारगर है। ऐसे में प्रशिक्षण पाकर आमदनी का इसे बेहतर जरिया बनाया जा सकता है। उन्होंने ने कहा कि आधुनिक तरीके से कृषि कार्य करने से ना सिर्फ उत्पादन अधिक होता है बल्कि गुणवत्ता भी बरकरार रहती है।

**बीज तैयार करने, बुवाई और देखभाल करने की दी जानकारी**



कृषि विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. प्रभाकर ने बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को मशरूम की विभिन्न प्रजातियों की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी, मशरूम की खेती के लिए उपयुक्त वातावरण और मिट्टी की तैयारी के बारे में जानकारी, बीज तैयार करने, बुवाई और देखभाल करने की जानकारी, मशरूम की फसल को रोगों और कीटों से बचाने की जानकारी, मशरूम के उत्पादन और विपणन के बारे में जानकारी, मशरूम की खेती के आर्थिक लाभ, मशरूम की खेती के लिए आवश्यक उपकरण और सामग्री, मशरूम की खेती में नई तकनीकों का उपयोग, मशरूम की खेती से जुड़ी चुनौतियां और उनके समाधान के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

# 12 Jan 2025 - निःशुल्क चिकित्सा शिविर

## चिरली में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**शिवपुरी.** दिनारा के थनरा में मौजूद पीके यूनिवर्सिटी द्वारा ग्रामपंचायत चिरली में शनिवार को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर लगाया गया। शिविर में इलाज के लिए आए मरीजों को दवाइयों के वितरण के साथ उचित दरों पर पैथोलॉजी जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर का मुख्य उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना रहा। शिविर में सैंकड़ों की संख्या में मरीजों की जांच कर उन्हें उचित चिकत्सीय परामर्श के साथ साथ वर्तमान समय में बढ़ती बीमारियों से बचाव के उपाय बताए।



शिविर का शुभारंभ सुबह 11 बजे पीके विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निर्देशक डॉ जेके मिश्रा, कुलगुरु डॉ योगेश चंद्र दुबे, कुलसचिव डॉ दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ जितेन्द्र मलिक एवं पं महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ शुभम शर्मा, डॉ ऋषभ श्रीवास्तव, डॉ सौरभ द्विवेदी, डॉ आनंद कुमार की उपस्थिति में हुआ। शिविर में पं महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम सहित जनरल, फिजिशियन, डायबिटीज, थायराइड तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं अन्य डॉक्टरों द्वारा मरीजों की बीपी, शुगर, लीवर, किडनी, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल आदि बीमारियों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई। इस अवसर पर पं महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल से एवं विश्वविद्यालय के नर्सिंग संकाय से शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

12/01/2025 | Shivpuri | Page : 16
Source : https://epaper.patrika.com/

---

## ग्राम चिरली में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित

**पी० के० विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पं० महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल के माध्यम से आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में उपचार हेतु आए हुए मरीजों को दवाइयों के वितरण के साथ उचित दरों पर पैथोलॉजी जांच की सुविधा कराई गई उपलब्ध**





संवाददाता दैनिक पालिग्राफ

**शिवपुरी (म०प्र०), 11 जनवरी 2025 (दैनिक पालिग्राफ)।** पी.के. विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जे०पी० शर्मा के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पं० महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल के तत्वावधान में शिवपुरी जनपद के ग्राम चिरली में आज एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना था। निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में लगभग सैकड़ों की संख्या में मरीजों की जांच कर उन्हें उचित चिकत्सीय परामर्श के साथ साथ वर्तमान समय में बढ़ती बीमारियों से बचाव के भी उपाय बताये गए, साथ ही उन्हें निशुल्क दवाइयों का वितरण एवं उचित दरों पर पैथोलॉजी जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई

शिविर का शुभारंभ प्रातः 11 बजे पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलगुरु प्रो०(डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक एवं पं० महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ० शुभम शर्मा, डॉ० ऋषभ श्रीवास्तव, डॉ० सौरभ द्विवेदी, डॉ० आनंद कुमार की उपस्थिति में हुआ। शिविर में पं० महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल के कुशल एवं योग्य डॉक्टरों की एक टीम सहित जनरल, फिजिशियन, डायबिटीज, थायराइड तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं अन्य डॉक्टरों द्वारा मरीजों की बी.पी., शुगर, लीवर, किडनी, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल आदि बीमारियों की जांच करते हुए उन्हें निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।

इस अवसर पर पं० महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल से एवं विश्वविद्यालय के नर्सिंग संकाय से शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



---

# 24 Jan 2025 कौशल विकास और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने हेतु सेमिनार आयोजित

विश्वेश्वरय्या सभागार में सेमिनार

## रोजगार के अवसरों की दी जानकारी

**शिवपुरी.** सीएसआर बॉक्स फाउंडेशन, आईबीएम स्किल्सबिल्ड एवं पीके विश्वविद्यालय द्वारा गुरुवार को विश्वेश्वरय्या सभागार कक्ष में कौशल विकास और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए निःशुल्क सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार का उद्देश्य शैक्षणिक हस्तक्षेपों और डिजिटल रूप से खुले शिक्षण मंच के माध्यम से उद्योग संबंधित तकनीकी कौशल, व्यावसायिक कौशल और नौकरी के लिए कौशल प्रदान कर विद्यार्थियों को रोजगार अवसरों के बारे में बताया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मीनाक्षी कुमारी ने शैक्षणिक व व्यवसायिक कौशल को अपनाने तथा एक सही रिज्यूम बनाने के बारे में बताया।



कार्यक्रम में छात्रा को शील्ड देकर सम्मानित करती वक्ता मीनाक्षी।

पी के विश्वविद्यालय के निर्देशक डॉ जेके मिश्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने और उन्हें उद्योग की जरूरतों से तैयार करना है। प्रो योगेश चन्द्र दुबे ने कहा कि इस तरह के रोजगारपरक सेमिनार से विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मदद मिलेगी और उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। विभागाध्यक्ष डॉ भास्कर नल्ला ने बताया कि सीएसआर बॉक्स फाउंडेशन और पीके विश्वविद्यालय के बीच कौशल विकास और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। सीएसआर बॉक्स फाउंडेशन एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो उपयोगकर्ताओं को उद्योग प्रासंगिक कौशल हासिल करने, आईबीएम प्रमाणित बैज प्राप्त करने और रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सहायता करता है। आईबीएम स्किल्सबिल्ड एक वैश्विक पहल है जो लोगों को डिजिटल कौशल विकसित करने और रोजगार के अवसर प्राप्त करने में मदद करती हैं।

24/01/2025 | Shivpuri | Page : 16
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक पालिग्राफ | कन्नौज, शुक्रवार २४ जनवरी २०२५ | झांसी/कन्नौज | 3

## पी.के. विश्वविद्यालय कौशल विकास और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध : डॉ० जे० के० मिश्रा

**कौशल विकास और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने हेतु एक समझौता ज्ञापन के तहत सीएसआर बॉक्स, आईबीएम स्किल्सबिल्ड एवं पी० के० विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क सेमिनार आयोजित**





संवाददाता दैनिक पालिग्राफ

**शिवपुरी(म0प्र0), 23 जनवरी 2025 (दैनिक पालिग्राफ)।** गुरुवार को, सीएसआर बॉक्स फाउंडेशन, आईबीएम स्किल्सबिल्ड और पी.के. विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित विश्वेश्वरय्या सभागार कक्ष में कौशल विकास और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए एक निःशुल्क सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में पी०के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक उपस्थित रहे।

इस सेमिनार का उद्देश्य विभिन्न शैक्षणिक हस्तक्षेपों और डिजिटल रूप से खुले शिक्षण मंच के माध्यम से उद्योग-संबंधित तकनीकी कौशल, व्यावसायिक कौशल और नौकरी के लिए तत्परता कौशल प्रदान करके विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसरों के बारे में जागरूकता पैदा करना था।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मीनाक्षी कुमारी (आईबीएम स्किल्सबिल्ड से सीनियर इंगेजमेंट एसोसिएट – सीएसआर और कौशल) ने अपने व्याख्यान में शैक्षणिक व व्यवसायिक कौशल को अपनाने तथा एक सही रिज्यूम का निर्माण करने के सम्बन्ध में विस्तार से बताया। सेमिनार में बड़ी संख्या में छात्रों, युवाओं और पेशेवरों ने भाग लिया। उन्होंने विशेषज्ञों के व्याख्यानों से काफी कुछ सीखा और अपने करियर के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया।

इस अवसर पर पी.के. विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने और उन्हें उद्योग की जरूरतों के अनुरूप कौशल से लैस करना है। उन्होंने कहा कि पी.के. विश्वविद्यालय कौशल विकास और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे ने कहा कि इस तरह के रोजगारपरक सेमिनार से विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उद्योग के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी और उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

प्रबंधन संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ० भास्कर नल्ला द्वारा बताया गया कि सीएसआर बॉक्स फाउंडेशन और पी.के. विश्वविद्यालय के बीच कौशल विकास और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सीएसआर बॉक्स फाउंडेशन एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो उपयोगकर्ताओं को उद्योग-प्रासंगिक कौशल हासिल करने, आईबीएम प्रमाणित बैज प्राप्त करने और रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सहायता करता है तथा आईबीएम स्किल्सबिल्ड एक वैश्विक पहल है जो लोगों को डिजिटल कौशल विकसित करने और रोजगार के अवसर प्राप्त करने में मदद करती है। इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के प्रबंधन संकाय से डॉ० विष्णु वर्मा, शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 25 Jan 2025 - राष्ट्रीय मतदाता दिवस

## पी० के० विश्वविद्यालय में मनाया गया १५ वां 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस'

### मतदान हर नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है : डॉ० जे० के० मिश्रा

संवाददाता दैनिक पालिग्राफ



**शिवपुरी, 25 जनवरी 2025 (दैनिक पालिग्राफ)।** शनिवार को पी० के० विश्वविद्यालय के विधि संकाय के तत्वावधान में 15 वां 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' पूर्ण उत्साह के साथ से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती जी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को मतदाता के महत्व के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातिमा, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक, विधि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ० ह्रदयवीर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा ने अपने उद्‌बोधन में 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन हमारे लोकतंत्र के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। "मतदान हर नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है। युवाओं को देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है और मतदान के माध्यम से वे इस दिशा में अपना योगदान दे सकते हैं।" हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम सभी अपने मत का उचित उपयोग अवश्य करेंगे। मतदान एक नागरिक का अधिकार है, लेकिन साथ ही यह एक कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि मतदान हमारे लोकतंत्र की नींव है।

कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे ने कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा से छात्रों में राष्ट्रीय भावना और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने के माध्यम से विश्वविद्यालय ने एक बार फिर इस दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाया है।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष, शिक्षक–शिक्षिकाएं एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

---

पत्रिका

## पीके विश्वविद्यालय में मना मतदाता दिवस

# मतदान हर नागरिक का अधिकार व कर्तव्य : मिश्रा



मतदाता दिवस पर शपथ लेते शिक्षक और कर्मचारी।

**शिवपुरी@पत्रिका.** पीके विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने शनिवार को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पूरे उत्साह के साथ से मनाया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ जेके मिश्रा ने कहा कि मतदान हमारे लोकतंत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मतदान हर नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है। युवाओं को देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है और मतदान के माध्यम से वे इस दिशा में अपना योगदान दे सकते हैं। हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम सभी अपने मत का उचित उपयोग करेंगे। मतदान एक नागरिक का अधिकार है, लेकिन साथ ही यह एक कर्तव्य भी है।

कुलगुरु प्रो डॉ योगेश चंद्र दुबे ने कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा से छात्रों में राष्ट्रीय भावना और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने के माध्यम से विश्वविद्यालय ने एक बार फिर इस दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाया है। इस अवसर पर पीके विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

26/01/2025 | Shivpuri | Page : 23
Source : https://epaper.patrika.com/

# 26 Jan 2025 पीके विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

पत्रिका




पीके यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम।

## पीके विश्वविद्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस

जिले के दिनारा में थनरा स्थित पीके यूनिवर्सिटी में भी बीते रोज गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ जेके मिश्रा, कुलगुरु प्रो डॉ योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ ऐमन फातमा व डीन ऑफ फैकल्टी डॉ जितेन्द्र मलिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अतिथियों ने ध्वजारोहण किया। परिसर में मौजूद विश्वेश्वरैया सभागार में छात्र.छात्राओं के समक्ष संविधान पर निर्मित एक विशेष लघु फिल्म का प्रदर्शन कराया। सभी छात्र.छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने इस लघु फिल्म को देखकर संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत किया। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में डॉ मिश्रा ने देश के लिए जान न्योछावर करने वाले सभी राष्ट्र नायकों को नमन करते हुए गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन हमारी शान और हमारा गर्व है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मरियम शैफाली व आभार छात्र कल्याण विभाग की डीन प्रो डॉ महालक्ष्मी जौहरी ने किया।

28/01/2025 | Shivpuri | Page : 12
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक पालिग्राफ | कन्नौज, मंगलवार २८ जनवरी २०२५ | झांसी | 8

## युवा शक्ति हमारे देश की सबसे बड़ी पूंजी है : डॉ० जे० के० मिश्रा

### पीके. विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया 76 वां गणतंत्र दिवस



**◆ मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग एवं उच्च शिक्षा विभाग (मप्र) के निर्देशानुसार, पीके. विश्वविद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं के समक्ष संविधान पर निर्मित एक विशेष लघु फिल्म का प्रदर्शन भी कराया गया**



संवाददाता दैनिक पालिग्राफ

**शिवपुरी (म०प्र०), 27 जनवरी 2025 (दैनिक पालिग्राफ)।** पी० के० विश्वविद्यालय परिसर में आज, 26 जनवरी 2025 को 76 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलगुरु प्रो. (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा एवं डीन ऑफ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण के साथ की गई। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित सभी जनों द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया एवं सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों, विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ और विद्यार्थियों द्वारा संवैधानिक नियमों को पालन करने की शपथ ली गई।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद विश्वविद्यालय के विधि संकाय की छात्रा दीक्षा राजा द्वारा सरस्वती वन्दना पर सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुत दी गई।

अतिथियों के स्वागत क्रम में, डॉ० विवेक गुप्ता द्वारा कुलगुरु प्रो. (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, डॉ० भास्कर नल्ला द्वारा प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, डॉ० नीता सिंह द्वारा डीन (अकादमिक) डॉ० ऐमन फातमा, शिक्षक कौशल नरेश द्वारा कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव एवं डॉ० हृदयवीर द्वारा डीन ऑफ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक को बैच अलंकृत कर सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया गया।

साथ ही, मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग एवं उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार, विश्वविद्यालय द्वारा विश्वेश्वरैया सभागार में छात्र–छात्राओं के समक्ष संविधान पर निर्मित एक विशेष लघु फिल्म का प्रदर्शन भी कराया गया। यह लघु फिल्म संसदीय कार्य विभाग द्वारा बनाई गई है। उक्त यह लघु फिल्म संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बनाई गई है और इसका उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों में संविधान के प्रति जागरूकता पैदा करना है।

फिल्म में संविधान निर्माण में मध्यप्रदेश की विभूतियों के योगदान को भी दर्शाया गया है। पी० के० विश्वविद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने इस लघु फिल्म को देखकर संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के क्रम में, विश्वविद्यालय के कला संकाय की छात्रा खुशबू खटीक द्वारा देशभक्ति गीत "ऐ वतन ..." एवं कृषि संकाय के छात्र–छात्राओं द्वारा समूह नृत्य की प्रस्तुति दी गई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी की व्यवस्था में शिक्षिका शीतला, लवली आदि रहीं ।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा ने अपने उद्बोधन में देश के लिए जान न्योछावर करने वाले सभी राष्ट्र नायकों को नमन करते हुए गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन हमारी शान और हमारा गर्व है।

उन्होंने कहा कि आज के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था और इस प्रकार हमारा देश संसदीय रूप के साथ लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में सामने आया। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि युवा शक्ति हमारे देश की सबसे बड़ी पूंजी है, इसलिए युवाओं को पूरी लगन और निष्ठा के साथ देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के लिए कार्य करना चाहिए।

कुलगुरु प्रो. (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे ने भारतीय संविधान पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत फेडरेशन ऑफ स्टेट्स नहीं, बल्कि यूनियन ऑफ स्टेट्स है। भारतीय संविधान की यही खासियत है कि इसने 76 वर्षों में देश की एकता और अखंडता की रक्षा की है और उसे मजबूत किया है. जब भी देश पर संकट आया है, तब देश एकजुट होकर खड़ा हुआ है. यही हमारे संविधान की मजबूती और सफलता है।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मरियम शैफाली एवं आभार छात्र कल्याण विभाग की डीन प्रो. (डॉ) महालक्ष्मी जौहरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन सभी को स्वल्पाहार एवं मिष्ठान वितरित कर किया गया

इस अवसर पर पी०के० विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ सहित छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## 1 Feb 2025 - पी० के० विश्वविद्यालय के पैरामेडिकल कोर्स में प्रवेश 28 तक

पत्रिका

### पीके यूनिवर्सिटी के पैरामेडिकल कोर्स में प्रवेश 28 तक

**शिवपुरी@पत्रिका..** मध्यप्रदेश सह-चिकित्सीय परिषद (एमपी पैरामेडिकल काउंसिल) द्वारा शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पीके विश्वविद्यालय (फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइन्स) को शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के लिए पैरामेडिकल पाठ्यक्रम संचालित करने की सशर्त अस्थायी अनुमति प्रदान की गई है। यह अनुमति राज्य शासन के अनुमोदन के बाद प्रदान की गई है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निर्देशक डॉ जेके मिश्रा ने बताया कि परिषद द्वारा जारी आदेश के अनुसार, विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइन्स के अंतर्गत संचालित पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में सत्र 2023-24 के लिए विषय बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी (डिग्री) में 50, मेडिकल लैब टेक्निशियन (डिग्री) में 50, मेडिकल लैब टेक्निशियन में 50, एक्स-रे टेक्निशियन में 50, डायलिसिस टेक्निशियन (डिप्लोमा) में 50 सीटों पर छात्र-छात्राएं प्रवेश ले सकेंगे। इन विषयों में प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं के प्रवेश की अंतिम तिथि 28 फरवरी निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो योगेश चंद्र दुबे ने कहा कि यह उन छात्र-छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो पैरामेडिकल के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। इससे छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त होगी।

01/02/2025 | Shivpuri | Page : 12

Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक पालिग्राफ

कन्नौज, शनिवार ०१ फरवरी २०२५

### पी० के० विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइंस के अंतर्गत संचालित पैरामेडिकल कोर्स में प्रवेश हेतु प्रवेश प्रारम्भ, २८ फरवरी २०२५ अंतिम तिथि निर्धारित

**मध्यप्रदेश सह-चिकित्सीय परिषद द्वारा पी. के. विश्वविद्यालय को शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के लिए पैरामेडिकल पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति प्रदान की गई**




संवाददाता दैनिक पालिग्राफ

**शिवपुरी, 31 जनवरी 2025 (दैनिक पालिग्राफ)।** मध्यप्रदेश सह–चिकित्सीय परिषद (एम.पी. पैरामेडिकल काउंसिल) द्वारा आज एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मध्य प्रदेश के जनपद शिवपुरी स्थित पी. के. विश्वविद्यालय (फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइन्स) को शैक्षणिक सत्र 2023–2024 के लिए पैरामेडिकल पाठ्यक्रम संचालित करने की सशर्त अस्थायी अनुमति प्रदान की गई है। यह अनुमति राज्य शासन के अनुमोदन उपरांत मध्यप्रदेश सह–चिकित्सीय परिषद अधिनियम 2000 की धारा–24 के अंतर्गत प्रदान की गई है। यह जानकारी पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा के द्वारा प्रदान की गई है।

उन्होंने बताया कि परिषद द्वारा जारी आदेश के अनुसार, पी. के. विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइन्स के अंतर्गत संचालित पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में सत्र 2023–24 के लिए विषय बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी (डिग्री) में 50, मेडिकल लैब. टेक्निशियन (डिग्री) में 50, मेडिकल लैब. टेक्निशियन (डिप्लोमा) में 50, एक्स–रे (रेडियोग्राफर) टेक्निशियन (डिप्लोमा) में 50, डायलिसिस टेक्निशियन (डिप्लोमा) में 50 सीटों पर छात्र–छात्राएं प्रवेश ले सकेंगे।

उन्होंने बताया कि पी० के० विश्वविद्यालय, परिषद के सभी नियमों और विनियमों के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया और शिक्षण कार्य संचालित करेगा। साथ ही बताया कि उपरोक्त विषयों में प्रवेश हेतु छात्र–छात्राओं के प्रवेश की अंतिम तिथि 28 फरवरी, 2025 निर्धारित की गई है।

पी० के० विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे ने कहा कि यह उन छात्रध्छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो पैरामेडिकल के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। इससे छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करने और रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

## 9 Feb 2025 - पी० के० विश्वविद्यालय में विवेकानंद युवा शक्ति मिशन के तहत छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं के लिए प्रथम चरण के कार्यक्रम आयोजित

पत्रिका



शिविर में मौजूद विश्वविद्यालय का स्टाफ।

# युवा शक्ति मिशन में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को किया जागरूक

### पीके विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने की दी सलाह

**शिवपुरी@पत्रिका.** पीके विश्वविद्यालय में विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन के तहत छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए प्रथम चरण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों एवं शिक्षकों को बताया कि वे किस तरह से स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलें। युवा शक्ति मिशन के तहत छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निर्देशक डॉ जेके मिश्रा ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं के सपनों को साकार करने एवं उन्हें एक बेहतर भविष्य देने के लिए आयोजित किया गया। मुझे विश्वास है कि शासन द्वारा की जा रहीं इन पहलों से प्रदेश के युवाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन अवश्य आएगा।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ योगेश चन्द्र दुबे ने बताया कि राज्य सरकार का भी फोकस युवाओं के सशक्तिकरण पर है। युवाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन के अंतर्गत विश्वविद्यालय में संकायवार इस ब्रीफिंग सत्र को आयोजित किया गया है। सहायक प्राध्यापक कौशल नरेश अमर ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य के युवाओं को सशक्त बनाना है। उन्हें शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसर प्रदान करना है, ताकि वे अपने जीवन को बेहतर बना सकें और प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे सकें। इस अवसर पर पीके विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ आशीष विश्वकर्मा, वाणिज्य संकाय से सहायक प्राध्यापक कौशल नरेश सहित विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

09/02/2025 | Shivpuri | Page : 11
Source : https://epaper.patrika.com/

**14 Feb 2025 - पी० के० विश्वविद्यालय में 6 दिवसीय ब्रीफिंग सत्र के दौरान पीपीटी वीडियो दिखाकर छात्र /छात्राओं को युवा शक्ति मिशन की डी जानकारी**

पत्रिका

## पीके विश्वविद्यालय में चल रहे 6 दिवसीय ब्रीफिंग सत्र का समापन

# पीपीटी वीडियो दिखाकर छात्र-छात्राओं को युवा शक्ति मिशन की दी जानकारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**शिवपुरी** . शहर के पीके विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन के तहत संकायवार एवं स्नातक व परास्नातक के छात्र-छात्राओं के लिए चल रहे 6 दिवसीय ब्रीफिंग सत्र का समापन हो गया है । इस अवसर पर स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन के संबंध में जारी पीपीटी वीडियो का प्रदर्शन छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को प्रस्तुतिकरण कर दिखाया गया। इस ब्रीफिंग सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन के उद्देश्यों, लक्ष्यों और कार्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना रहा। इसके साथ ही, युवाओं को इस मिशन में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना भी था।



ब्रीफिंग सत्र के समापन पर हुए कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी।

बता दें विश्वविद्यालय के विश्वेश्वरैया सभागार कक्ष में वाणिज्य संकाय एवं अन्य विषय तथा डिप्लोमा आदि पाठ्यक्रम में अध्ययनरत परास्नातक कक्षावार छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन के संबंध में शासन द्वारा जारी पीपीटी वीडियो का प्रतुतिकरण कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पीके विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ जेके मिश्रा, कुलगुरु प्रो योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ जितेन्द्र मलिक सहित विश्वविद्यालय के कला संकाय की विभागाध्यक्ष प्रो महालक्ष्मी जौहरी, विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ आशीष विश्वकर्मा, वाणिज्य संकाय से सहायक प्राध्यापक कौशल नरेश अमर, विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

14/02/2025 | Shivpuri | Page : 14
Source : https://epaper.patrika.com/

## 1 March 2025 - पी० के० विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आयोजित

पत्रिका

### पीके विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

# विज्ञान के क्षेत्र में युवा दें योगदान : मिश्रा

**शिवपुरी.** पीके विश्वविद्यालय के अब्दुल कलाम सभागार में शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इस वर्ष का विषय विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना रहा है। जिसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करना था।




कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक एवं छात्र।

कार्यक्रम के उद्घाटन में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निर्देशक डॉ जेके मिश्रा ने भारतीय वैज्ञानिकों को श्रद्धांजलि देकर किया। डॉ जेके मिश्रा ने विज्ञान और नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला और युवाओं को इस क्षेत्र में अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह दिन प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक सर सीवी रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज की याद दिलाता है। इस दिन का उद्देश्य विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना है। मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हमें विज्ञान के महत्व को याद दिलाता है और युवाओं को इस क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। पीके विश्वविद्यालय विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित कई प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया, जिनमें नवीनतम वैज्ञानिक उपकरणों और तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही, विज्ञान संकाय द्वारा विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने भाग किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ आशीष विश्वकर्मा, डॉ मनीष, सहायक अध्यापिका आयुषी, समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

01/03/2025 | Shivpuri | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

# 7 March 2025 - पी० के० विश्वविद्यालय में फार्मा अन्वेषण कार्यक्रम आयोजित



P.K. UNIVERSITY SHIVPURI (M.P.) media coverage

पत्रिका

पीके विश्वविद्यालय में फार्मा अन्वेषण कार्यक्रम आयोजित

## औषधि विज्ञान के जानकार होते हैं फार्मासिस्ट

**फार्मेसी के जनक प्रो श्रॉफ की 123वीं जयंती पर हुआ कार्यक्रम**

**शिवपुरी.** पीके विश्वविद्यालय में गुरुवार को फार्मा अन्वेषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस के अवसर पर किया गया, जो भारतीय फार्मेसी के जनक प्रोफेसर महादेव लाल श्रॉफ की 123वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाया गया। कायर्क्रम में मुख्य रूप से विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निर्देशक डॉ जेके मिश्रा, कुलगुरु प्रो योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ जितेन्द्र मलिक उपस्थित रहे । फार्मा अन्वेषण का उद्देश्य फार्मेसी के क्षेत्र में नवीनतम विकास और नवाचारों को प्रदर्शित करना है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां शामिल रहीं, जिनमें व्याख्यान, पोस्टर प्रस्तुतिया और इंटरेक्टिव सत्र शामिल रहे।

प्रशासनिक निर्देशक डॉ मिश्रा ने प्रो एमएल श्रॉफ के योगदान पर कहा कि बीमारियों के इलाज और स्वास्थ्य संबंधी अन्य सरोकारों में मरीजों की मदद करने की दिशा में फार्मासिस्ट भी डॉक्टर और नर्स जितने ही महत्वपूर्ण होते हैं। फार्मासिस्ट औषधि विज्ञान से पूरी तरह अवगत होते हैं, वे सुनिश्चित करते हैं कि मरीजों को जीवन रक्षक नुस्खों की सही खुराक मिले। कुलगुरु प्रो योगेश चन्द्र दुबे ने कहा कि यह दिन भारत में फार्मेसी शिक्षा के जनक के रूप में जाने वाले प्रोफेसर महादेव लाल श्रॉफ की जयंती के उपलक्ष्य में पूरे भारत में मनाया जाता है, ताकि भारत में फार्मेसी शिक्षा की स्थापना में उनके योगदान को मान्यता दी जा सके। कार्यक्रम में फार्मेसी संकाय के प्रिंसिपल डॉ विवेक गुप्ता सहित पीके विश्वविद्यालय का स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ।

1800-8900-478 | www.pkuniversity.edu.in | info@pkuniversity.edu.in



P.K. UNIVERSITY SHIVPURI (M.P.) media coverage

## पीके. विश्वविद्यालय में फार्मा अन्वेषण 2025 आयोजित

शिवपुरी (म०प्र०)। पी.के. विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जे० पी० शर्मा के निर्देशानुसार, फार्मेसी संकाय द्वारा गुरुवार को विश्वविद्यालय के डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सम्मेलन हॉल में 'फार्मा अन्वेषण 2025' का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस के अवसर पर किया गया, जो भारतीय फार्मेसी के जनक स्वर्गीय प्रोफेसर महादेव लाल श्रॉफ की 123वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाया गया। 'फार्मा अन्वेषण 2025' का उद्देश्य फार्मेसी के क्षेत्र में नवीनतम विकास और नवाचारों को प्रदर्शित करना है। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ शामिल रहीं, जिनमें व्याख्यान, पोस्टर प्रस्तुतियाँ और इंटरैक्टिव सत्र शामिल रहे। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा ने इस क्षेत्र में "प्रो. एम. एल. श्रॉफ" के योगदान के बारे में चर्चा करते हुए कहा, "बीमारियों के इलाज और स्वास्थ्य संबंधी अन्य सरोकारों में मरीजों की मदद करने की दिशा में फार्मासिस्ट भी डॉक्टर और नर्स जितना ही महत्वपूर्ण होता है। फार्मासिस्ट औषधि विज्ञान से पूरी तरह अवगत होते हैं। वे सुनिश्चित करते हैं कि मरीजों को जीवन रक्षक नुस्खों की सही खुराक मिले। वे मरीज को जानकारी देते हैं और इस बात का भरोसा दिलाते हैं कि यह नुस्खा उनके स्वास्थ्य की अन्य स्थितियों और दवाओं के साथ लेने के लिए सुरक्षित रहेगा, इस तरह फार्मासिस्ट उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करते हैं और संभवतः उनके जीवन की रक्षा भी करते हैं। कोविड महामारी के दौरान भी फार्मासिस्टों ने आवश्यक दवाओं की आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।" कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे ने कहा कि यह दिन भारत में फार्मेसी शिक्षा के जनक के रूप में जाने जाने वाले प्रोफेसर महादेव लाल श्रॉफ की जयंती के उपलक्ष्य में पूरे भारत में मनाया जाता है, ताकि भारत में फार्मेसी शिक्षा की स्थापना में उनके महान योगदान को मान्यता दी जा सके। उन्होंने जुलाई 1937 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में बैचलर ऑफ फार्मेसी के तीन वर्षीय डिग्री कोर्स के साथ विश्वविद्यालय स्तर पर फार्मास्युटिकल शिक्षा की शुरुआत की। इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक, फार्मेसी संकाय के प्रिंसिपल डॉ० विवेक गुप्ता सहित पी० के० विश्वविद्यालय का समस्त शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

दैनिक पालिग्राफ

1800-8900-478 | www.pkuniversity.edu.in | info@pkuniversity.edu.in



P.K. UNIVERSITY SHIVPURI (M.P.) media coverage

दैनिक पालिग्राफ

## पी० के० विश्वविद्यालय में रिसर्च स्कॉलरों को प्रदान की गई पी०एच०डी० की उपाधि

संवाददाता दैनिक पालिग्राफ

**शिवपुरी (म०प्र०), 06 मार्च 2025 (दैनिक पालिग्राफ)।** पी० के० विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय से चार रिसर्च स्कॉलरों को पी०एच०डी० की उपाधि प्रदान की गई. उन्होंने बताया कि स्तुति पांडे को फार्मेसी में ''सक्रिय औषधीय अवयवों के आकलन के लिए आरपी–एचपीएलसी और एचपीटीएलसी विधियों को दर्शाने वाले स्थिरता के डिजाइन और सत्यापन पर अध्ययन'', मोहित सैनी को फार्मेसी में ''एंटी–प्रोलिफेरेटिव गतिविधि के लिए एक हर्बल उपन्यास दवा वितरण प्रणाली का निर्माण और मूल्यांकन'', बादाम सिंह गंगवार को समाजशास्त्र में ''कोविड–19 का विद्यार्थियों पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन : उ0 प्र0 बरेली जनपद के विशेष संदर्भ में'', अमित कुमार को फार्मेसी में ''घाव भरने की क्षमता के लिए पॉलीहर्बल जेल का निर्माण और मूल्यांकन'' शीर्षक के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।

1800-8900-478 | www.pkuniversity.edu.in | info@pkuniversity.edu.in

## 9 March 2025 -  पी० के० विश्वविद्यालय में फार्मा अन्वेषण कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक भास्कर** शिवपुरी भास्कर 10-03-2025

### पीके विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



शिवपुरी| पी.के. विश्वविद्यालय, थनरा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ. जे. के. मिश्रा, मुख्य वक्ता के रूप में विश्वविद्यालय की डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा, विशिष्ट अतिथियों के रूप में कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव और डीन ऑफ फैकल्टी डॉ. जितेन्द्र मलिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पी.के. विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) योगेश चन्द्र दुबे ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मंचासीन अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के पूजन से हुई, जिसके बाद विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, एकल नृत्य और खेल आदि का प्रदर्शन किया। मुख्य वक्ता डॉ. ऐमन फातमा ने महिला सशक्तिकरण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह केवल शिक्षा और नौकरी तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने फैसले खुद लेने का अधिकार देने से जुड़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि एक शिक्षित और सशक्त महिला न केवल अपना जीवन संवारती है, बल्कि पूरे समाज को समृद्ध बनाती है। पी.के. विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ. जे. के. मिश्रा ने महिलाओं की सफलता के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा चुकी हैं, लेकिन समाज ने उन्हें पूरी तरह से समानता नहीं दी है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी है। कुलगुरु प्रो. (डॉ.) योगेश चन्द्र दुबे ने कहा कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता', अर्थात जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवता का निवास होता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि महिलाएं शिक्षित होती हैं, तो वे न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज को शिक्षित करती हैं और देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाती हैं। कार्यक्रम का संचालन छात्रा राधा ने किया और अंत में छात्र अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) महालक्ष्मी जौहरी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इस आयोजन में महिला सशक्तिकरण और समानता के प्रति विश्वविद्यालय का संकल्प और समर्थन स्पष्ट रूप से देखा गया।

---

82 **जागरण झाँसी** 15
झाँसी, 9 मार्च, 2025




● पीके यूनिवर्सिटि, शिवपुरी के तत्वावधान में कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव, डीन ऑफ फैकल्टि डॉ. जितेन्द्र मलिक के विशिष्ट आतिथ्य व कुलगुरु प्रो. डॉ. योगेश चन्द्र दुबे की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डीन अकैडमिक डॉ. ऐमन फातमा, मुख्य अतिथि प्रशासनिक निदेशक डॉ. जेके मिश्रा आदि उपस्थित रहे। रीता यादव एवं शैली सिंह ने संचालन, छात्र अधिष्ठाता प्रो. डॉ. महालक्ष्मी जौहरी ने आभार व्यक्त किया।

---

**दैनिक पालिग्राफ** कन्नौज, रविवार ०९ मार्च २०२५ झांसी/कन्नौज 4

### पी. के. विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**एक शिक्षित और सशक्त महिला न केवल अपना जीवन संवारती है, बल्कि पूरे समाज को समृद्ध बनाती है : डॉ० ऐमन फातमा**

**महिलाओं के बिना सशक्त समाज की कल्पना नहीं की जा सकती : डॉ० जे० के० मिश्रा**

**यदि महिलाएं शिक्षित होंगी, तो वह पूरे परिवार और समाज को भी शिक्षित करेंगी : प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे**









संवाददाता दैनिक पालिग्राफ

**झांसी, 8 मार्च 2025 (दैनिक पालिग्राफ)।** शनिवार को, पी० के० विश्वविद्यालय, थनरा, शिवपुरी (म०प्र०) के विश्वेश्वरैया ऑडिटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, मुख्य वक्ता के रूप में विश्वविद्यालय की डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव व डीन ऑफ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पी० के० विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे ने की। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि यह सम्पूर्ण कार्यक्रम विश्वविद्यालय के छात्र–छात्रा राधा (कला संकाय), रिंकी कुशवाहा (नर्सिंग संकाय), सालू गुप्ता (नर्सिंग संकाय), रीना यादव (नर्सिंग संकाय), शैली गुप्ता (नर्सिंग संकाय), मोहिनी यादव (कृषि संकाय), भानसिंह (कृषि संकाय) तथा सत्येन्द्र (कृषि संकाय) द्वारा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती जी का पूजन कर किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रमों के क्रम में विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, एकल नृत्य, खेल आदि का प्रदर्शन किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित पी.के. विश्वविद्यालय डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा ने कहा कि आज हम यहां अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के अर्थ को समझाते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ सिर्फ शिक्षा और नौकरी तक सीमित नहीं है बल्कि ये महिलाओं को अपने फैसले खुद लेने, आत्मनिर्भर बनने और समान अवसर प्राप्त करने का अधिकार देने से जुड़ा है। एक शिक्षित और सशक्त महिला न केवल अपना




जीवन संवारती है, बल्कि पूरे समाज को समृद्ध बनाती है। हमें ये समझना होगा कि सशक्त महिला ही एक सशक्त समाज की नींव रखती है। इसलिए, महिलाओं को आगे बढ़ाने और उनके अधिकारों की रक्षा करने का दायित्व हम सभी का है। आइए, हम संकल्प लें कि हम लैंगिक समानता की दिशा में प्रयास करेंगे और महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देंगे।

पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रही हैं। इतिहास गवाह है कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा चुकी हैं। फिर चाहे वह झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई का साहस हो, कल्पना चावला की उडघन हो या मैरी कॉम की मेहनत। वर्तमान में महिलाएं डॉक्टर, वैज्ञानिक, शिक्षक, सैनिक और नेता बन रही हैं। लेकिन क्या समाज ने उन्हें पूरी तरह से समानता दी है? आज भी कई महिलाओं को शिक्षा से वंचित रखा जाता है, घरेलू हिंसा का शिकार बनाया जाता है और कार्यस्थलों पर भेदभाव सहना पड़ता है।



महिला सशक्तिकरण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, ये हम सबकी जिम्मेदारी है। हमें ये सुनिश्चित करना होगा कि हमारी बहनें, बेटियां, पत्नियां और माताएं सम्मान, सुरक्षा और समानता के साथ जीवन व्यतीत करें। महिला के बिना सशक्त समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए बेटियों को भी बेटों के समान शिक्षा मिलनी चाहिए।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे ने कहा कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता' अर्थात् जहां नारी का सम्मान होता है, वहां भगवान का निवास होता है। उन्होंने कहा कि यदि एक महिला शिक्षित होगी, तो वह पूरे परिवार और समाज को शिक्षित करेगी। अगर उसे अवसर मिलेगा, तो वह देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। इसलिए, इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हम सिर्फ उनकी तारीफ करने तक सीमित न रहें, बल्कि ये प्रण लें कि हम उनके अधिकारों की रक्षा करेंगे, उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का हौसला देंगे। क्योंकि जब एक महिला आगे बढ़ती है, तो समाज भी आगे बढ़ता है।

कार्यक्रम का संचालन पी० के० विश्वविद्यालय के कला संकाय में अध्ययनरत छात्रा राधा ने किया एवं अंत में, छात्र अधिष्ठाता प्रो० (डॉ०) महालक्ष्मी जौहरी ने उपस्थित सभी जनों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समस्त संकायों के विभागाध्यक्षों, शिक्षक–शिक्षिकाओं सहित छात्र–छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

**11 March 2025 - पी० के० विश्वविद्यालय में "कर्म योगी बनें" विषय पर एक दिवसीय विचार मंथन कार्यशाला संपन्न**

पत्रिका

## पीके विश्वविद्यालय में हुई एक दिवसीय कार्यशाला

# यदि हमें शुद्ध हवा चाहिए तो पेड़-पौधों के बीच में रहना पड़ेगा: गुप्त



विश्वविद्यालय स्टाफ ने किया मुख्य वक्ता गुप्त का सम्मान इंसेट में छात्रों को कर्मयोगी बनने के तरीके बताते गुप्त।

**शिवपुरी @ पत्रिका.** पीके विश्वविद्यालय के विश्वेश्वरयैया ऑडिटोरियम में सोमवार को कर्म योगी बनें विषय पर विचार मंथन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय से 40 संकाय सदस्यों और 80 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला में उपस्थित संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं को कर्म योग के सिद्धांतों और प्रथाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई ढ्ढइसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्याम बिहारी गुप्त (अध्यक्ष, गौसेवा आयोग), मुख्य अतिथि के रूप में पीके विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो योगेश चन्द्र दुबे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव डॉ दीपेश नामदेव व डीन ऑफ फैकल्टी डॉ जितेन्द्र मलिक उपस्थित रहे । कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इसके बाद, मुख्य वक्ता श्याम बिहारी गुप्त ने अपने उद्बोधन में कर्म योगी बनें विषय पर विस्तार से व्याख्यान दिया ।उन्होंने कहा कि कर्मयोग के आधार पर ही भारत विश्वगुरु बनेगा। छात्रों को बताया गया कि लगातार कार्य करने की प्रेरणा एक कर्मयोगी ही देता है । उन्होंने कार्य करने के तरीके को समझाते हुए कहा कि जो केवल आठ घंटे कार्य करने की मानसिकता रखता है वह एक नौकर है एवं जो आठ घंटे से ज्यादा कार्य करने की मानसिकता रखता है वह मालिक है एवं जो आठ घंटे से कम कार्य करने की मानसिकता रखता है वह कामचोर होता है । छात्रों को बताया गया कि हमें स्वस्थ जीवन जीने के लिए आवश्यक है। शुद्ध हवा, शुद्ध पानी एवं शुद्ध भोजन। उन्होंने कहा कि हम 24 घंटे में 21600 बार स्वांस लेते हैं, यदि हमें शुद्ध हवा चाहिए तो पेड़-पौधों के बीच में रहना पड़ेगा।

11/03/2025 | Datia | Page : 2
Source : https://epaper.patrika.com/